**भारत सरकार**
**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 4221**
**उत्तर देने की तारीख : 19.03.2020**

## निःशुल्क कोचिंग और संबद्ध योजनाएं

**4221. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतोः**
**श्री हिबी ईडनः**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अल्पसंख्यक समुदायों के उम्मीदवारों के लिए निःशुल्क कोचिंग और संबद्ध योजना के तहत पश्चिम बंगाल राज्य में चिन्हित किए गए मौजूदा कोचिंग केंद्रों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त योजना के तहत इन कोचिंग केंद्रों को आबंटित और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान छात्रवृत्ति योजनाओं, निःशुल्क कोचिंग और संबद्ध योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले अल्पसख्यक समुदाय के विद्यार्थियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र–वार और वर्ष–वार ब्यौरा क्या है;

(घ) उपर्युक्त अवधि के दौरान अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान करने वाली योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या इन कोचिंग संस्थाओं/संगठनों की जांच हेतु कोई कार्यान्वयन एजेंसी मौजूद है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)**

(क) और (ख): निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना के तहत पश्चिम बंगाल राज्य के लिए 2017–18 से 2019–20 तक के लिए निम्नलिखित परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियां (पीआईए) पैनलबद्ध की गई हैं। पिछले तीन वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पश्चिम बंगाल राज्य में इन पीआईए को जारी की गई धनराशि निम्नानुसार हैः –

| क्र. सं. | संगठन का नाम | जिला | जारी की गई निधि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|
| 1. | अल–अमीन मिशन | हावड़ा | 5.39 |
| 2. | चुआनपुर सप्तपर्णी | मुर्शिदाबाद | 0.10 |
| 3. | अल–अमीन एजुकेशनल काउंसिल | हावड़ा | 0.20 |
| 4. | अल–अमीन मिशन ट्रस्ट | हावड़ा | 7.01 |

(ग): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान 2,28,48,809 छात्रवृत्तियां और 31,801 छात्रों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की गई। छात्रवृत्ति योजनाओं और निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना के तहत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान लाभान्वित अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों का राज्यवार और वर्षवार विवरण क्रमशः अनुबंध–I और अनुबंध–II में है।

(घ): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नया सवेरा – निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना लागू करता है जिसके तहत केन्द्रीय रूप से अधिसूचित छह अल्पसंख्यक समुदायों नामतः मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी समुदायों के छात्रों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाती है। यह योजना छात्रों को कोचिंग प्रदान करती है ताकि वे तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षाएं और समूह 'क', 'ख' और 'ग' सेवाओं की भर्ती के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर सकें। यह योजना परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों (पीआईए)/गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ) के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। ब्यौरा www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है।

(ङ): राज्य सरकार द्वारा योजना के प्रावधानों के अनुसार कोचिंग संस्थानों/संगठनों की निगरानी की जाती है जिसमें उनके बुनियादी ढांचे और मध्यावधि निरीक्षण रिपोर्ट की जांच भी शामिल है। इसके अलावा, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) जो औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक स्वतंत्र एजेंसी है, को 2016–17 से 2018–19 तक योजना की समवर्ती निगरानी करने के लिए नियोजित किया गया था।

*****

**अनुबंध–I**

**''निःशुल्क कोचिंग और संबद्ध योजनाएं'' के बारे में श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो, श्री हिबी ईडन द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 19.03.2019 को उत्तर के लिए निर्धारित लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4221 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**मैट्रिक–पूर्व, मैट्रिकोत्तर, मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजनाः पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्रदत्त/स्वीकृत छात्रवृत्ति का राज्यवार और वर्षवार विवरण**

| क्र.सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र | 2016–17 | 2017–18 | 2018–19* | 2019–20* |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रदत्त छात्रवृत्ति | प्रदत्त छात्रवृत्ति | प्रदत्त छात्रवृत्ति | प्रदत्त छात्रवृत्ति |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 140716 | 136544 | 145480 | 168588 |
| 2. | तेलंगाना | 176487 | 176109 | 187597 | 182932 |
| 3. | असम | 170155 | 203463 | 148857 | 277026 |
| 4. | बिहार | 118386 | 170621 | 282686 | 296103 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 9896 | 10307 | 8130 | 7410 |
| 6. | गोवा | 1767 | 0 | 565 | 789 |
| 7. | गुजरात | 135954 | 146473 | 152521 | 160452 |
| 8. | हरियाणा | 7062 | 10926 | 10872 | 14089 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 2247 | 2195 | 2019 | 2611 |
| 10. | जम्मू और कश्मीर | 83050 | 146262 | 189642 | 442784 |
| 11. | झारखंड | 34168 | 63299 | 64346 | 89908 |
| 12. | कर्नाटक | 473190 | 363072 | 498217 | 549918 |
| 13. | केरल | 573921 | 591695 | 661689 | 663865 |
| 14. | मध्य प्रदेश | 89386 | 115078 | 129531 | 151072 |
| 15. | महाराष्ट्र | 494903 | 638111 | 740978 | 758781 |
| 16. | मणिपुर | 6609 | 9095 | 19106 | 47101 |
| 17. | मेघालय | 14586 | 12231 | 13137 | 18185 |
| 18. | मिजोरम | 49012 | 31461 | 44539 | 53425 |
| 19. | नगालैंड | 21661 | 30207 | 33702 | 56278 |
| 20. | ओडिशा | 18556 | 13342 | 13282 | 16020 |
| 21. | पंजाब | 445540 | 464862 | 468494 | 507773 |
| 22. | राजस्थान | 146385 | 158285 | 163972 | 186287 |
| 23. | सिक्किम | 1288 | 850 | 517 | 783 |
| 24. | तमिलनाडु | 374668 | 348398 | 367683 | 408146 |
| 25. | त्रिपुरा | 1072 | 6083 | 4572 | 4641 |
| 26. | उत्तर प्रदेश | 509783 | 638433 | 788008 | 720876 |
| 27. | उत्तराखंड | 18052 | 24911 | 24631 | 33745 |
| 28. | पश्चिम बंगाल | 776071 | 1082415 | 1319740 | 9681 |
| 29. | अंडमान और निकोबार | 23 | 0 | 76 | 119 |
| 30. | चंडीगढ़ | 2678 | 2317 | 1465 | 1614 |
| 31. | दादरा और नगर हवेली | 96 | 70 | 148 | 178 |
| 32. | दमन एवं दीव | 49 | 5 | 46 | 49 |
| 33. | दिल्ली | 1052 | 12510 | 4738 | 7532 |
| 34 | पुडुचेरी | 1982 | 2363 | 2904 | 3714 |

* **06.03.2020 के अनुसार अनंतिम आंकड़े। 2018–19 और 2019–20 के लिए छात्रवृत्ति का संवितरण 2019–20 में जारी है।**

अनुबंध–II

''निःशुल्क कोचिंग और संबद्ध योजनाएं'' के बारे में श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो, श्री हिबी ईडन द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 19.03.2019 को उत्तर के लिए निर्धारित लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4221 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष यानी 2016–17 से 2019–20 (05.03.2020 के अनुसार) के दौरान निःशुल्क कोचिंग और संबद्ध योजना के तहत लाभान्वित राज्य–वार अल्पसंख्यक छात्र

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2016–17 | 2017–18 | 2018–19 | 2019–20 |
|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्रों की संख्या | छात्रों की संख्या | छात्रों की संख्या | छात्रों की संख्या |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2160 | 260 | 400 | 350 |
| 2. | असम | 0 | 0 | 50 | 50 |
| 3. | बिहार | 0 | 0 | 100 | 0 |
| 4. | चंडीगढ़ | 260 | 250 | 50 | 84 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 0 | 0 | 100 | 0 |
| 6. | दिल्ली | 265 | 645 | 328 | 50 |
| 7. | गुजरात | 0 | 618 | 550 | 50 |
| 8. | हरियाणा | 60 | 210 | 50 | 250 |
| 9. | जम्मू और कश्मीर | 90 | 490 | 50 | 0 |
| 10. | झारखंड | 0 | 0 | 360 | 0 |
| 11. | कर्नाटक | 400 | 2219 | 1049 | 0 |
| 12. | केरल | 220 | 700 | 590 | 50 |
| 13. | मध्य प्रदेश | 55 | 435 | 680 | 148 |
| 14. | महाराष्ट्र | 640 | 1550 | 1390 | 150 |
| 15. | मणिपुर | 60 | 100 | 60 | 150 |
| 16. | मेघालय | 0 | 110 | 100 | 0 |
| 17. | पंजाब | 0 | 600 | 300 | 0 |
| 18. | राजस्थान | 0 | 330 | 350 | 100 |
| 19. | तमिलनाडु | 0 | 450 | 200 | 0 |
| 20. | तेलंगाना | 1540 | 1750 | 0 | 0 |
| 21. | उत्तर प्रदेश | 1550 | 945 | 2600 | 250 |
| 22. | उत्तराखंड | 50 | 0 | 0 | 0 |
| 23. | पश्चिम बंगाल | 760 | 200 | 740 | 50 |